# सरकारी भवनों पर दिसंबर तक सोलर रूफटॉप

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रेस्को पद्धति का उपयोग

**भोपाल, 20 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहे है.**

इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए आरईएससीओ द्वारा सभी जिलों में पृथक-पृथक निविदाएं जारी कर दर आमंत्रित की गयी है.



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफ्टॉप संयंत्र लगाने हैं. शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा. शासकीय कार्यालयों द्वारा ऊर्जा के उपयोग के लिए आरईएससीओ विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा. रेस्को द्वारा लगाये गये संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी. इस प्रकार शासकीय कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे.

आरईएससीओ परियोजना अंतर्गत मप्र ऊर्जा विकास निगम द्वारा प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक निविदा जारी की गई है. इसमें आरईएससीओ विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक दर माँगी गई है. प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में आरईएससीओ परियोजनाएँ स्थापित होंगी. भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 एमडब्ल्यू की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 एमडब्ल्यू, इंदौर जिले में 3.12 एमडब्ल्यू, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 एमडब्ल्यू, दतिया जिले में 1.4 एमडब्ल्यू, धार जिले में 1.34 एमडब्ल्यू की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं. शासकीय विभागों, संस्थाओं के भवन पर आरईएससीओ इकाई द्वारा 25 वर्ष की अवधि के लिये सोलर रूफ्टॉप संयंत्र स्थापित किये जायेंगे. इस पूरी अवधि तक सोलर रूफ्टॉप संयंत्र का रख-रखाव आरईएससीओ इकाई द्वारा किया जाएगा.

> नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच मप्र ऊर्जा विकास निगम द्वारा राज्य में 133 शासकीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक आरईएससीओ पद्धति से सोलर रूफ्टॉप संयंत्र लगाए, जो सफलतापूर्वक संचालित हैं. इसमें आईआईएम इंदौर, सीएपीटी भोपाल, शासकीय मेडिकल कॉलेज (रीवा, शिवपुरी, खण्डवा, दतिया, विदिशा), एनएलआईयू भोपाल, एजी कार्यालय ग्वालियर, एसएआई भोपाल, भारत सरकार का पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन आदि शामिल हैं. नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा.



### ससुर स्व. ब्रह्मानंद के परिवारजनों से मिले सीएम

**रीवा/भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में अपने ससुर स्व. ब्रह्मानंद यादव के निधन पर परिवार जनो से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की. इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने ससुर स्व. ब्रह्मानंद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

## एक नजर में

### सीएम यादव ने बटुकेश्वर दत्त को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी स्व. बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है. उन्होंने कहा कि राष्ट्र उनकी अमर गाथा को सदैव स्मरण करता रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसियेशन की सदस्यता लेकर बटुकेश्वर दत्त ने सुखदेव और राजगुरु के साथ स्वतंत्रता संग्राम के प्रयासों को नई दिशा दी. उनके अद्वितीय साहस और बलिदान ने स्वतंत्रता के संकल्प को और अधिक मजबूत किया. राष्ट्र सदैव आपका ऋणी रहेगा.

### हाथियों की दहशत पर अब रेडियो अलर्ट

**शहडोल.** दक्षिण वनमंडल की बुढार रेंज अंतर्गत हरदी बीट और आसपास के गांवों में हाथियों की दहशत से ग्रामीण परेशान हैं. स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग ने हाथियों के मूवमेंट की जानकारी आकाशवाणी से प्रसारित करने की पहल की है. वनमंडलाधिकारी श्रद्धा पन्द्रे ने बताया कि आकाशवाणी केंद्र से समन्वय कर एक योजना बनाई गई है, जिसके तहत हाथियों की गतिविधियों की जानकारी रेडियो प्रसारण के जरिए ग्रामीणों तक पहुंचेगी. हरदी बीट में चार हाथियों का दल घुस आया है, जिसने कई गांवों में भारी नुकसान किया. ग्रामीण मसाल जलाकर रातभर पहरा दे रहे हैं. खेतों को रौंदा गया है.

# भगवान चंद्रमौलेश्वर पालकी में होंगे आरूढ़, सीएम करेंगे पूजन

- आज मुख्यमंत्री लगाएंगे बाबा महाकाल के जयकारे
- 08 जनजातीय कलाकारों का दल करेगा नवाचार
- चलित रथ पर सवारी के लाइव दर्शन होंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सावन मास की दूसरी सवारी आज सोमवार को मंदिर प्रांगण से सभा मंडप से शाम 4 बजे प्रारंभ होगी, रजत पालकी में आरूढ़ भगवान चंद्र मलेश्वर का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पूजन करेंगे. सवारी के दौरान सीएम स्वयं भी पैदल चलते हुए बाबा महाकाल के जयकारे लगाएंगे.**

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विदेश यात्रा के पूर्व बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेकर गए थे और अब स्वदेश लौटकर आज महाकाल मंदिर पहुंच रहे है, पालकी पूजन भी करेंगे, साथ ही सीएम बाबा की सवारी में भी शामिल होंगे.

### श्रावण महोत्सव की धूम

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के गौरवशाली आयोजन का 20वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव संचालित किया जा रहा है. महाकाल मंदिर परिसर के त्रिवेणी संग्रहालय से लेकर महाकाल लोक तक महोत्सव की धूम है, शिव सम्भवम की प्रथम संध्या में दीप



प्रज्जवलन के पश्चात कार्यक्रम के प्रारंभ में पहली प्रस्तुति गौतम काले के शास्त्रीय गायन की हुई. उसके पश्चात ग्वालियर की संस्था शिखा डांस अकादमी के समूह कथक निर्देशिका शिखा सोनी के निर्देशन में कथक नृत्य की प्रस्तुति के उपरांत समापन मुम्बई के ऋषिकेश मजुमदार के बासुरी वादन की प्रस्तुति से हुआ. ऐसी विभिन्न प्रस्तुतियां लगातार चल रही है.

### सवारी के सबंध में प्रशासक ने दी जानकारी

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी. जहां माँ क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक खाती का मंदिर, सत्यीनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुन: श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी.

### सवारी में 08 जनजातीय एवं लोक नृत्य दल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप बाबा श्री महाकालेश्वर की सवारी को भव्य स्वरुप देने के लिए प्रत्येक सवारी में नवाचार किया जा रहे हैं. इसी श्रृंखला में 8 जनजातीय कलाकारों के दल श्री महाकालेश्वर भगवान की दूसरी सवारी में सहभागिता करेगा, जिसमें अज्जू सिसौदिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में झाबुआ का भगोरिया नृत्य छवीलदास भावली के नेतृत्व में नाशिक महाराष्ट्र के जनजातीय सौगी मुखोटा नृत्य, बनसिंह भाई गुजरात जनजातीय राठ नृत्य, खेमराज राजस्थान का गैर-घूमरा जनजातीय नृत्य सम्मिलित है. यह सभी दल श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी के साथ सम्पूर्ण सवारी मार्ग में अपनी प्रस्तुति देते हुए चलेंगे.

### सवारी में कोई ना आ पाए,उसके भी होंगे दर्शन

श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी का सजीव प्रसारण मंदिर प्रबंध समिति के फेसबुक पर व सवारी के अंत मे चलित रथ में एलईडी के माध्यम से सवारी मार्ग में दर्शन हेतु खड़े श्रद्धालुओं को सजीव दर्शन की व्यवस्था की गई है. इस चलित रथ की विशेषता यह है कि इसमें लाइव बॉक्स रहेगा, जिससे लाइव प्रसारण निर्बाध रूप से होगा. लाइव दर्शन एवं लाइव टेलीकास्ट हेतु हाईटेक चार बड़ी एलईडी वाहनों लाईव एलईडी रथ के माध्यम से फ्रीगंज क्षेत्र, दत्त अखाड़ा क्षेत्र, श्री महाकालेश्वर त्रिवेणी द्वार व उज्जैन के प्रमुख मार्गो पर भक्त लाइव प्रसारण देख सकते हैं.

# हेमंत खंडेलवाल का पटवारी पर पलटवार

## बोले- ट्रांसफर पोस्टिंग का सच भी बताएं



**बैतूल,20 जुलाई. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को बैतूल दौरे के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान पर करारा जवाब दिया.**

खंडेलवाल ने कहा कि जीतू पटवारी ने बीजेपी सरकार को भ्रष्टाचार में तीसरे नंबर पर बताया, लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कमलनाथ सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग का क्या हाल था और जनता ने उनकी सरकार को सत्ता से बाहर क्यों किया. प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने यह बयान बैतूल में नवनिर्मित तहसील भवन और अन्य विकास कार्यों के उद्घाटन के मौके पर दिया. इस कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके भी मौजूद रहे.

> पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के प्रशासन में सुचिता वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि उमा हमारी वरिष्ठ नेता हैं. मैं उनसे बात करूंगा. सत्ता और प्रशासन में पारदर्शिता होनी ही चाहिए और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं. खंडेलवाल के इस बयान से साफ है कि आने वाले समय में भाजपा विपक्ष के आरोपों का खुलकर जवाब देने के साथ-साथ अपने कामकाज को लेकर आक्रामक ढंग से जनता के बीच जाएगी.

### ब्लैकलिस्ट कंपनी को फिर मूंग टेस्टिंग टेंडर

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में मूंग खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला सामने आया है. जिस कंपनी को पिछले साल ब्लैकलिस्ट किया गया था, उसे वर्ष 2025 में फिर से मूंग की गुणवत्ता परीक्षण का टेंडर दे दिया गया. रायसेन में एनाकोन कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर प्राप्त किया, वहीं नरसिंहपुर में नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड को टेंडर दिया गया. यह वही कंपनी है जिसे पिछले वर्ष कलेक्टर ने ब्लैकलिस्ट किया था. दोनों कंपनियों पर फर्जी दस्तावेजों से टेंडर लेने के आरोप हैं. मामला सामने आने के बाद टेंडर प्रि या की पारदर्शिता और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में शिलांग पुलिस जल्द चार्जशीट पेश करने की तैयारी में

- पुलिस के पास मजबूत डिजिटल साक्ष्य
- तीन आरोपी जमानत पर, पांच अब भी जेल में
- सोनम से जुड़े सबूत और गवाह को अहम मान रही पुलिस




**इंदौर. राजा रघुवंशी हत्याकांड की गुत्थी को लेकर शिलांग पुलिस अब अंतिम चरण में है. सूत्रों के मुताबिक, इस हाईप्रोफाइल केस में पुलिस के पास पर्याप्त डिजिटल साक्ष्य एकत्र हो चुके हैं, जो आरोपियों की लोकेशन को न सिर्फ घटनास्थल से जोड़ते हैं, बल्कि पूरे षड्यंत्र की परतें भी खोलते हैं. पुलिस अब अगले दो माह के भीतर इस बहुचर्चित मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करने की तैयारी में है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस को मौके पर ज्यादा प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिले हैं, लेकिन एक स्थानीय टूरिस्ट गाइड का बयान इस केस की कड़ी बन सकता है, जिसने सोनम व अन्य आरोपियों को हत्या से पहले साथ देखा था. यह गाइड ही पुलिस के लिए प्राथमिक चश्मदीद के तौर पर उभर रहा है. शिलांग पुलिस की एक विशेष टीम पिछले दिनों इंदौर पहुंची थी. यहां जांच के दौरान वह फ्लैट भी खंगाला था जहां आरोपियों ने वारदात के बाद डेरा जमाया था. पुलिस ने यहां से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, आरोपी के खून लगे कपड़े और सोनम के कुछ आभूषण बरामद किए हैं. इन साक्ष्यों को फॉरेंसिक लैब भेजा जा चुका है, जहां से रिपोर्ट आना अभी बाकी है. इस केस में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें मुख्य आरोपी सोनम, उसका प्रेमी राज कुशवाहा और उनके सहयोगी शामिल हैं. हाल ही में कोर्ट ने तीन आरोपियों फ्लैट मालिक, एक प्रॉपर्टी ब्रोकर और सुरक्षागार्ड को जमानत दे दी है. वहीं शेष पांचों आरोपी अब भी न्यायिक हिरासत में हैं. पुलिस की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन आरोपियों को बेल मिली है, वे सीधे हत्याकांड में शामिल नहीं थे, लेकिन मामले से जुड़े साक्ष्यों को छिपाने या सहयोग करने की स्थिति में थे.

शिलांग पुलिस की चार्जशीट अब इस पूरे केस का रुख तय करेगी. अगर डिजिटल साक्ष्य और चश्मदीद के बयान कोर्ट में टिकते हैं, तो हत्या का यह केस सुनियोजित षड्यंत्र की सबसे ठोस मिसाल बन सकता है. वहीं, अगर आरोपियों को कानूनी राहत मिलती रही, तो राजा रघुवंशी के परिवार की न्याय की उम्मीदें कमजोर पड़ सकती हैं.

> **नार्को टेस्ट की मांग और परिजन की पीड़ा**
>
> राजा के परिजन इस पूरे मामले की जांच पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं. परिवार की ओर से सोनम और राज कुशवाहा का नार्को टेस्ट कराने की औपचारिक मांग भी की जा चुकी है. साथ ही परिजनों ने शिलांग कोर्ट में विशेष याचिका के जरिए सीबीआई जांच की भी मांग रखी है.



### प्रवेश द्वार पर महर्षि वाल्मीकि और वेदव्यास की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल, 20 जुलाई. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन भोपाल के प्रमुख प्रवेश द्वार पर रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि और महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास की प्रतिमाओं का अनावरण किया.**

इस अवसर पर तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, सुरेश पचौरी, रमेश शर्मा, पदमश्री विजयदत्त श्रीधर और प्रतिष्ठान के सदस्य उपस्थित थे.

# 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

## येलो अलर्ट : गरज-चमक के साथ बरसेंगे बादल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 जुलाई. मप्र के अधिकतर जिलों में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार है.**

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 24 घंटों के दौरान बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, सहित जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं. इसके साथ ही कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी सहित जिलों में भी बारिश की संभावना बनी है. इन जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है.



मौसम विभाग के अनुसार सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र पश्चिमी राजस्थान और उससे निकटवर्ती पाकिस्तान पर बना हुआ है. इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 4.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है.

> मानसून ट्रफ़ मध्य समुद्र तल पर पश्चिमी राजस्थान और पाक, चूरू, आयानगर, शाहजहांपुर,पटना, बांकुरा, दीघा और फिर पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र से होकर गुज़र रही है. पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय में ट्रफ़ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी ऊंचाई पर 32 उत्तरी अक्षांश के उत्तर एवं 71ए पूर्वी देशांतर में अवस्थित है.

मुकाबला | कांग्रेस विधायकों का 'नव संकल्प शिविर' आज

# विस में सरकार को घेरने की रणनीति पर मंथन

**भोपाल,20 जुलाई. मध्यप्रदेश विधानसभा का आगामी मानसून सत्र इस बार कुछ अलग नजर आएगा, क्योंकि कांग्रेस पार्टी अपने विधायकों को सरकार से प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए खास तैयारी में जुटी है.**




इसके तहत धार जिले के मांडू में 21 और 22 जुलाई को दो दिवसीय नव संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस विधायक भाग लेंगे. शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विषय विशेषज्ञ और रणनीतिकार विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन देंगे. शिविर का मुख्य उद्देश्य विधायकों को न केवल पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है, बल्कि विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की नीतियों पर प्रभावी ढंग से सवाल खड़ा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार करना भी है. इसके अलावा, राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और जातिगत जनगणना अभियान की राजनीतिक और सामाजिक आवश्यकता को भी विस्तार से समझाया जाएगा. विधायकों को उन्हें मिशन 2028 को ध्यान में रखते हुए चुनाव प्रबंधन की ट्रेनिंग भी दी जाएगी. सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एक सत्र में बताया जाएगा कि कैसे छोटी-छोटी डिजिटल जानकारियों को चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. साथ ही, भाजपा सरकार की विफलताओं, घोटालों और जनविरोधी नीतियों को उजागर कर विधानसभा में सरकार को कैसे घेरा जाए, इस पर भी मंथन होगा.ष शिविर को कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा, पूर्व प्रमुख सचिव विधानसभा भगवंदेव इसरानी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, राज्यसभा सांसद अजय माकन, कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे. इस शिविर की खास बात यह भी होगी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे वर्चुअली शिविर को संबोधित करेंगे.

> **विचारधारा और इतिहास से कराएंगे अवगत**
>
> नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि दो दिन चलने वाले इस शिविर में कुल 12 सत्र होंगे, जिनमें विधायकों को कांग्रेस के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में पार्टी की भूमिका, आजादी के बाद देश के निर्माण में योगदान और वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों की जानकारी दी जाएगी. विधायकों को इस बात का एहसास कराएंगे कि वे एक ऐसी पार्टी से जुड़े हैं, जिसकी जड़ें आजादी से पहले की हैं और जिसने देश को दिशा देने में बड़ी भूमिका निभाई है.

# घायल को एसपी ने पहुंचाया अस्पताल

## एसपी ने पेश की मानवता की मिशाल



- रवींद्र राठौर को देर रात अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर
- अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया

**खरगोन,20 जुलाई. मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक गंभीर रूप से घायल युवक को अपने शासकीय वाहन से अस्पताल पहुंचाया.**

खंडवा रोड पर एक बाइक सवार युवक रवींद्र राठौर को देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रसारित हुई, जिसे गश्त पर निकले एसपी धर्मराज मीना ने वायरलेस सेट पर सुना और वे तुरंत मौके पर पहुंच गए. उन्होंने देखा कि घायल युवक बेहोश पड़ा है, जिसके बाद उन्होंने उसे तुरंत अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया. प्रारंभिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया गया.

यह पहला मौका नहीं है, जब एसपी मीना ने ऐसा कार्य किया हो. इससे पहले 25 दिसंबर 2024 को मंडलेश्वर में हुए हादसे में भी उन्होंने मजदूरों से भरे वाहन के घायल लोगों को खुद वाहन रोककर अस्पताल भिजवाया था और दो घायलों को अपने वाहन से खुद अस्पताल लेकर गए थे. पुलिस अधीक्षक के इस संवेदनशील और मानवीय रवैये की जिलेभर में प्रशंसा हो रही है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60